## महत्वपूर्ण एवं खास

### जंगली हाथी के हमले में दो मासूमों की मौत

**सूरजपुर-रायपुर (आरएनएस)।** सूरजपुर के प्रेमनगर इलाके से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां जंगली हाथी के हमले में दो मासूम बच्चों की जान चली गई. यह घटना उस समय हुई जब पहाड़ पर झोपड़ी बनाकर रहने वाला यह परिवार सो रहा था. अचानक हुए हमले से माता-पिता ने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन बच्चों को नहीं बचा सके. घटना के बाद वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़ित परिवार को तात्कालिक मुआवजा राशि उपलब्ध कराई है। इस हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

### लोन रिकवरी एजेंट से मारपीट

**रायपुर (आरएनएस)।** टैगोर नगर कोतवाली में रिकवरी एजेंट से गाली-गलौज कर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी वरिष्ठ सिंह 44 वर्ष अमलीडीह न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी यूको बैंक में लोन रिकवरी का काम करता है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने कर्मचारी के साथ लोन पैसा लेने गए थे, तभी आरोपी प्रभजोत सिंह, साभिचीमा, पवन सिंह व अन्य ने लोन नहीं दूंगा कहकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पार्किंग में खड़ी स्कूटर पार

**रायपुर (आरएनएस)।** रवि भवन पीछे गली में खड़ी स्कूटर को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हसन जहांगीर 35 वर्ष लक्ष्मीनगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी होंडा हार्नेट स्कूटर क्रमांक सीजी 04 एलएक्स 1902 को रविभवन के पीछे गली में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए स्कूटर की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते आधा दर्जन पकड़ाए

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी पुलिस ने नशेडिय़ों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने रिलायंस मार्ट के पास पंडरी में सरेआम शराब पीते आरोपी जयराम साहू 23 वर्ष, देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी राजेश्वर वर्मा 41 वर्ष, देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी टिकेश्वर वर्मा 26 वर्ष, गुढिय़ारी पुलिस ने आरोपी प्रेमलाल कोसले 24 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी रविकांत वर्मा 43 वर्ष व आशीष कुमार परगनिहा 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### ग्रामीणों के लिए बाइक रिपेयरिंग का मासिक फ्री ट्रेनिंग 11 नवंबर से प्रारंभ

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशन में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) टीवी टावर रोड छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में मोटरसाइकल वाहन मरम्मत का 30 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण 11 नवंबर से आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिये मोबाइल नम्बर 7974942078 पर संपर्क कर और दस्तावेज वाट्सअप करके या संस्थान पहुंच कर पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना,खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर सह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनकबीरा हुआ एनक्यूएएस सर्टिफाइड

**❐ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनकबीरा को राष्ट्रीय मानक में मिला 89.73 प्रतिशत**

सारंगढ़ बिलाईगढ़



जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और उपलब्धि प्राप्त हुआ हैं, जो स्वास्थ्य की दिशा में सुधार को दर्शाता हैं। सभी स्वास्थ्य केंद्रों का राष्ट्रीय मानको के अनुरूप तैयार किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में सारंगढ़ ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर सह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनकबीरा में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक की टीम ने 18-19 अक्टूबर को जाँच की। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक टीम में आये डॉ. प्रेमानंद त्रिपाठी और मिनीमोल अनिल कुमार ने 89.73 प्रतिशत राष्ट्रीय स्तर मानक प्रदान की। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनकबीरा को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। यह स्वास्थ्य केंद्र नवनिर्मित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का पहला केंद्र हैं जो एनक्यूएएस सर्टिफाइड स्वास्थ्य केंद्र बन गया। जिला एनक्यूएएस सलाहकार कृष्णपुरी गोस्वामी द्वारा सभी अधिकारी कर्मचारियों को बधाइयां व शुभकामनायें दी। सेक्टर प्रभारी अरुण नायक एवं डॉ. प्रेम प्रकाश चौधरी ने मार्गदर्शन व सहयोग के लिए कलेक्टर धर्मेश साहू, सीएमएचओ डॉक्टर एफ आर निराला, बीएमओ, डीपीएम इजारदार सहित सारंगढ़ के विभिन्न शाखा प्रभारी, समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रभारी व नोडल अधिकारी को आभार व्यक्त किया है।

**क्या है एनक्यूएएस-**

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ वैश्विक सर्वोत्तम अभ्यास के लिए विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। इसकी शुरुआत 2017 में हुई हैं, एनक्यूएएस वर्तमान में जिला अस्पतालों, सामुदायिक, ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए उपलब्ध हैं। मानक मुख्य रूप से प्रदाताओं के लिए पूर्व निर्धारित मानकों के माध्यम से सुधार के लिए अपनी स्वयं की गुणवत्ता का आकलन करने और प्रमाणन के लिए अपनी सुविधाओं को लाने के लिए हैं।

**जाँच बिंदु-** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों को मोटे तौर पर 8 "चिंता के क्षेत्रों" के तहत व्यवस्थित किया गया है, जिसमें सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, इनपुट, सहायता सेवाएँ, नैदानिक देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम शामिल है। ये मानक आईएसक्यूए द्वारा मान्यता प्राप्त हैं और व्यापकता, निष्पक्षता, साक्ष्य और विकास की कठोरता के संदर्भ में वैश्विक मानदंडों को पूरा करते हैं।

# हर घर जल से बदलती गांवों की तस्वीर

रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित जल जीवन मिशन ने न केवल गांव के लोगों को पानी के स्रोत से जोड़ा है, बल्कि स्वास्थ्य और स्वच्छता के स्तर को भी सुधारा है। ग्रामीण अब शुद्ध पानी का सेवन कर रहे हैं, जिससे जलजनित बीमारियों में भी कमी आई है। इसके अलावा, बच्चों और महिलाओं को अब पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती। वह समय का उपयोग अन्य कार्यों में करने लगे हैं। यह मिशन केवल पानी की उपलब्धता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण ग्रामीण समाज के विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है।

जल जीवन मिशन के माध्यम से बेमेतरा जिले के ग्राम पंचायत मोहतरा (ख) में सफलता की एक प्रेरणादायक कहानी लिखी गई है, जहां हर घर जल का सपना अब हकीकत बन गया है। हाल ही में इस गांव में 'हर घर जल उत्सव' का आयोजन हुआ। यह उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि उन सभी ग्रामीणों के लिए गर्व का क्षण था, जिन्होंने जल जीवन मिशन के इस महत्वपूर्ण अभियान का हिस्सा बनकर अपने गांव में एक नया अध्याय लिखा।

गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 260 घरों में नल कनेक्शन दिए गए हैं, जिससे अब हर घर में शुद्ध पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। इस काम को अंजाम देने के लिए 3305 मीटर की पाइप लाइन बिछाई गई है, जो गांव के हर कोने तक पानी पहुंचाने का काम करती है। इसके साथ ही, गांव में एक पानी की टंकी का निर्माण भी किया गया है जो जल आपूर्ति का प्रमुख स्रोत है। यह टंकी न केवल गांव के सभी घरों में पानी पहुंचाती है बल्कि यह जल संग्रहण का भी एक बड़ा साधन है, जिससे जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

गांव की महिलाएं, विशेष रूप से श्रीमति धन्ना बाई मानिकपुरी और श्रीमति पुष्पा साहू, अत्यंत प्रसन्न हैं। पहले उन्हें पानी के लिए गांव के कुओं या हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे उन्हें न केवल मेहनत करनी पड़ती थी बल्कि अधिक समय भी खर्च करना पड़ता था। घर के अन्य कामकाज में उनकी यह व्यस्तता एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन अब, जब उनके घर के आंगन में ही नल से पानी उपलब्ध है, तो यह उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। अब उन्हें पानी भरने के लिए समय और ऊर्जा की चिंता नहीं करनी



पड़ती। उन्होंने इसके लिए सरकार को धन्यवाद दिया।

ग्राम पंचायत मोहतरा (ख) का यह कदम अन्य गांवों के लिए भी एक उदाहरण है। जल जीवन मिशन की यह सफलता बताती है कि जब सामूहिक प्रयास और सरकार की योजनाओं का समन्वय होता है, तो किसी भी समस्या का हल संभव है। इस गांव के लोगों ने दिखा दिया कि छोटी-छोटी मुश्किलों को पार करके एक बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## जनजातीय गौरव दिवस पदयात्रा के पूर्व में विभिन्न स्थानों में योग एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित

जशपुर-रायपुर । आरएनएस

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन एवं माय भारत-नेयूकेस् विभाग, युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर जिले में जनजातीय गौरव दिवस के पूर्व उपलक्ष्य में 11 नवंबर व 12 नवंबर को विभिन्न जगह योग एवं श्रमदान कार्यक्रम कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों एवं नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा जिले के बालछपार, अघोर आश्रम, प्रयास स्कूल आदि स्थानों पर विभिन्न गतिविधियों जैसे योग शिविर, श्रमदान , मेरा युवा भारत पंजीकरण का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में जन जाति संस्कृति के प्रति जागरूकता एवं उनके संस्कृति को सहेजना है।

मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय द्वारा स्थापित एक विभाग है जिसमें युवाओं को जोडऩे के लिए विभिन्न कार्यक्रम कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे है। इस पोर्टल पर 15-29 वर्ष के युवा को जोड़ा जा रहा है 7 पोर्टल में युवाओं के लिए विभिन्न तरह के विकल्प उपलब्ध है जैसी की बिल्डर , अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है ।

## नाला में गिरा सांड, कई घंटे कोशिश से बचाई जान

कोरबा । आरएनएस

सरकारी मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज के पास एक उद्यान के किनारे नाला में गिरे सांड को निकाल लिया गया है। इस काम में गौ सेवकों ने चार घंटे तक कोशिश की। बाद में एक हाइड्रा की सहायता ली गई। सांड को निकाले जाने से सभी ने राहत की सांस ली।

क्षेत्र के खुले नाले हादसों का दूसरा नाम भी बने हैं। इन नालों में आए दिन पशुओं के गिरने की घटनाएं हो रही हैं। बावजूद इसके संबंधित विभाग द्वारा नालों पर स्लैब लगाने का कार्य नहीं किया जा रहा।

शहर की विभिन्न सामाजिक एवं गो संरक्षण संस्थाएं प्रशासन से गुहार लगा चुकी हैं। नालों में फंसे गोवंश को निकालने में भी प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं की जा रही। नगरीय निकाय कारणवश मरने वाले पशुओं को भी अपने स्तर पर उठाने का प्रयास नहीं करती। स्वयंसेवी संस्थाएं ही यह कार्य कर रही हैं। घंटाघर के समीप नाले खुले पड़े हैं। इन नालों पर निर्माण के बाद से ही स्लैब इत्यादि नहीं लगाए गए हैं। ऐसे में यहां आए दिन पशुओं के गिरने की घटनाएं हो रही हैं। घंटाघर बुधवारी मार्ग पर स्थित स्वर्गीय विशाहू दास दास स्मृति उद्यान के पास भी ऐसी घटना हुई। यहां एक सांड नाले में गिर गया। और बीते चार दिनों से नाले में ही विचरण कर रहा था नाले से बाहर निकलने में असमर्थ सांड को देख किसी राहगीर ने बाल गोपाल गौ सेवा समिति के सदस्यों को सूचित किया। गो सेवक अक्षत शर्मा अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत से 4 घंटे का रेस्क्यू कर हाइड्रा मशीन नाले में गिरे सांड को निकाला।

## मकान दिलाने के नाम पर ऐंठे लाखों रुपए, गिरफ्तार

रायपुर । आरएनएस

विवरण यह है कि दिनांक 14.09.2024 को प्रार्थिया अनामिका वैष्णव व अन्य के द्वारा आरोपी राकेश मंडल एवं अन्य उनके सहयोगी के विरूद्ध कमल विहार में आरडीए से फ्लैट आबंटित(विक्रय करने के नाम पर) दिनांक 03.01.2024 से लगातार पैसा लेकर मकान का सौदा कर विक्रय प्रतिफल की राशि प्राप्त कर अनुबंध तैयार कर फरार हो गया है की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 710/24 धारा 318(4), 336(3), 61(2), 3(5) भा.न्याय. संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

प्रकरण को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा गंभीरता से लिया गया और फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है।

प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानीबस्ती राजेश देवांगन, के निर्देशन में थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक मनोज कुमार साहू द्वारा पृथक से टीम तैयार कर प्रकरण के फरार आरोपियों का पता तलाश कर शीघ्र ही गिरफ्तार करने एवं प्रकरण में विवेचना पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण में तकनीकी सहयोग एवं दस्तावेज साक्ष्य हेतु एकत्रित किया गया व घटना से संबंधित लोगो से पूछताछ कर घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त किया गया। घटना के बाद से फरार आरोपियों के गिरफ्तारी हेतु पता तलाश प्रारंभ किया गया पता तलाश दौरान आरोपी के छूपने के संभावित स्थानों पर टीम के सदस्यों द्वारा लगातार दबिस दिया जा रहा था आरोपियों द्वारा प्रकरण में गिरफ्तारी के डर से पुलिस का आने का अंदेशा होने पर लगातार अपना सकूनत तब्दील कर रहा था पुलिस द्वारा बडी मस्सकत से फरार आरोपियों को पता तलाश कर गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से आरोपियों को अपराध क्रमांक 710/24 धारा 318(4), 336(3), 61(2), 3(5) भा.न्याय. संहिता में गिरफ्तार कर न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है।

## ट्रक हाईवा डम्फर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**❐-चन्दू लाल चन्द्राकर अस्पताल के पास स्थित पेट्रोल पंप से किया था चोरी**

**❐-सुपेला पुलिस की सक्रियता से पकड़ाये आरोपी**

**❐-ट्रक हाईवा डम्फर कीमती 10 लाख रुपये बरामद**

**सुपेला-रायपुर (आरएनएस)।** प्रार्थी अनिल कुमार राय निवासी लक्ष्मी नगर सुपेला द्वारा थाना सुपेला उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 31.10.2024 को ट्रक हाईवा डम्फर क्रमांक सीजी 08 व्ही 1058 को चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल नेहरू नगर के बगल पेट्रोल पंप में खड़ी किया था। जिसे अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सुपेला में चोरी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधो पर नियंत्रण करते हुए अधिक से अधिक माल मशरूका बरामद करने के निर्देश प्राप्त है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर भिलाई) सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में थाना सुपेला पुलिस द्वारा माल-मुल्जिम की पता तलाश में लगी हुई थी। आस-पास में लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाला गया। सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर माल मुल्जिम का पता तलाश किया जा रहा था। पता तलाश के दौरान ज्ञात हुआ कि प्रार्थी की ट्रक हाईवा डम्फर ग्राम ढाबा(बोरी) क्षेत्र में देखा गया है। मुखबीर सूचना के आधार पर पता तलाश हेतु ग्राम ढाबा(बोरी) क्षेत्र रवाना हुआ था हाईवा डम्फर ग्राम ढाबा(बोरी) रोड में खराब होने से खड़ी किया था जिसे आरोपी हरीश यादव एवं हेमराज साहू के कब्जे से बरामद किया। आरोपियों से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकारते हुए प्रार्थी की ट्रक हाईवा डम्फर चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल के बगल स्थित पेट्रोल पंप से चोरी करना बताया। आरोपियों को आज दिनांक 10.11.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, उप निरी. मनीष बाजपेयी, प्र.आर. अमर सिंह, आर. सूर्य प्रताप सिंह, दुर्गेश सिंह, सुरेन्द्र गिरी एवं रविन्द्र बांधव का विशेष योगदान रहा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## राजस्व टैक्स वसूली एवं स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान साथ-साथ चलाएगा निगम

**❐-10 करोड़ की वसूली के लिए जोनवार जिम्मेदारी,11 नवंबर से 31 दिसंबर तक चलाया जाएगा विशेष अभियान**

**❐-कमिश्नर ने की अपील कहा-टैक्स जरूर पटाएं,शहर आपका है और शहर की व्यवस्था बनाने में आपके टैक्स का योगदान अहम है,इसलिए टैक्स जमा करने के लिए सजग रहें**

दुर्ग-रायपुर । आरएनएस

दुर्ग नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने स्वच्छता सर्वेक्षण और राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से अधिकारी/कर्मचारी को जिम्मेदारी सौंपी है।इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा व राजस्व अधिकारी मनीष कुमार गायकवाड़ के निर्देशानुसार कार्य को सम्पादन करेंगे।निगम द्वारा टैक्स वसूली और स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए एक साथ अभियान चलाया जाएगा। बता दे कि 11 नवंबर से शुरू होने वाले यह विशेष अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा।इस अवधि में नगर निगम प्रशासन द्वारा 10 करोड़ रुपये की टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा गया है।अभियान प्रतिदिन सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक चलेगा। इस दौरान निगम कर्मी डोर टू डोर टैक्स वसूली के साथ सफाई कार्य भी देखेंगे। कमिश्नर ने की अपील-टैक्स जरूर पटाएं,शहर आपका है और यहां की व्यवस्था बनाने में आपके टैक्स का योगदान अहम है,इसलिए टैक्स जमा करने के लिए सजग रहें :

नगर निगम क्षेत्र में वर्षो से बकाया संपत्ति व अन्य करों की वसूली के लिए निगम प्रशासन द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में आने वाले दिनों में नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर वार्डवार चलाए जाने वाले अभियान के दौरान राजस्व वसूली को लेकर भी अभियान चलाया जाएगा।इसके लिए कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा जोन वार कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। नगर निगम को चार जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में 15 अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।जिसमे जोन 1 के 15 वार्डो के लिए प्र.राजस्व उपराजस्व निरीक्षक राम खिलावन शर्मा,जोन 2 के 15 वार्डो में प्र, राजस्व उपनिरीक्षक संजय मिश्रा,जोन 2 में राजस्व उपनिरीक्षक निशांत यादव एवं जोन 4 में प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक थान सिंह यादव को जिम्मेदारी तय किया गया है। आपको बता दे कि उक्त कर्मचारी प्रतिदिन सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक डोर टू डोर राजस्व वसूली करेंगे। इस दौरान डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के संबंध में भी जानकारी लेंगे।

ज्ञात हो कि आने वाले दिनों में स्वच्छता सर्वेक्षण होना है। इसे भी ध्यान में रखते हुए नगर निगम सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए कवायद कर रहा है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली में तेजी लाने संबंधी निर्देश राजस्व विभाग को दिया है, जिसके तहत कमिश्नर लगातार राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए बकायदारों से वसूली एवं करो की वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है।